**पुलिस का एक्शन मोड • नशे की सप्लाई चेन तोड़ने पर फोकस, पुलिस-पब्लिक पार्टनरशिप में काम करेगी पुलिस**

# साल 2026 तक लुधियाना कमिश्नरेट को नशा मुक्त बनाने के लिए लुधियाना पुलिस की नई PPP रणनीति

नील कमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़



लुधियाना कमिश्नरेट को वर्ष 2026 तक नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने एक नई और व्यापक रणनीति तैयार की है। इस रणनीति के तहत पुलिस अब पुलिस–पब्लिक–पार्टनरशिप (PPP) मोड में काम करते हुए नशे की सप्लाई चेन को तोड़ने पर फोकस करेगी। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और विलेज डिफेंस कमेटी के सदस्यों के साथ एक बैठक की। बैठक में 'युद्ध नशा विरुद्ध' मुहिम की जानकारी साझा की गई और नई रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस कमिश्नर ने विलेज डिफेंस कमेटी के सदस्यों से लुधियाना कमिश्नरेट को नशा मुक्त बनाने के लिए सुझाव मांगे। इसके साथ ही उन्होंने उन इलाकों की जानकारी भी साझा करने को कहा, जहां नशे की सप्लाई हो रही है और जो फिलहाल पुलिस की सीधी नजर से दूर हैं। सीपी स्वप्न शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में जनभागीदारी सबसे अहम भूमिका निभा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता से बेहतर जानकारी किसी के पास नहीं हो सकती। इसी कारण PPP मोड पर काम करते हुए पुलिस जनता के साथ मिलकर नशे की सप्लाई और सेवन से जुड़ी सूचनाएं एकत्र करेगी।उन्होंने बताया कि पुलिस अपने-अपने इलाकों में युवाओं से सीधा संपर्क बढ़ाएगी और उनसे नशे की सप्लाई चेन व सेवन से जुड़ी जानकारी लेगी। आम लोगों से मिलने वाली सूचनाओं के आधार पर संबंधित इलाकों में नशा तस्करी रोकने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों के युवाओं के साथ नियमित संवाद बनाए रखें और नशे की सप्लाई चेन को पूरी तरह तोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। पुलिस का मानना है कि इस संयुक्त प्रयास से लुधियाना कमिश्नरेट को तय समय सीमा के भीतर नशा मुक्त बनाने में सफलता मिलेगी।

## मीटिंग में चौकी इंचार्ज से डीसीपी तक हाजिर

लुधियाना में पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने चौकी इंचार्ज से लेकर डीसीपी स्तर तक के पुलिस अधिकारियों को बैठक में तलब किया। पुलिस कमिश्नर पुलिस लाइन के मीटिंग हॉल में अफसरों के साथ बैठक की और उनसे पूरे साल में युद्ध नशा विरूद्ध की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की। पुलिस कमिश्नर का मुख्य फोकस लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट को नशा मुक्त करना है।

**▪ युद्ध नशा विरूद्ध मुहिम की तहत की गई कार्रवाई...**पुलिस कमिश्नर ने बताया कि साल 2025 के दौरान लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस द्वारा नशों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई गई। इस मुहिम के तहत नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल 1,218 केस दर्ज कर 1,580 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

**-नशा तस्करों से की गई रिकवरी...** 26 किलो 812 ग्राम अफीम, 535 किलो 800 ग्राम भुक्की चूरा,100 किलो 075 ग्राम गांजा, 32 किलो 789 ग्राम हेरोइन, 20.29 लाख रुपए की ड्रग मनी जब्त की गई।

**▪ 14 आरोपियों की संपत्ति की गई जब्त...** सीपी ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत 68 मामलों में 14 आरोपियों की संपत्ति (करीब 1.14 करोड़ रुपए) जब्त की गई। नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए, 64 मामलों में 200 ग्राम से अधिक नशा रखने वालों को गिरफ्तार किया गया और 2,947 दोपहिया-चारपहिया वाहनों को जब्त किया गया।

**▪ शराब माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई...**लुधियाना पुलिस के द्वारा शराब माफिया के खिलाफ 279 केस दर्ज और 323 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

**▪ जब्त की गई अवैध शराब...** लुधियाना पुलिस की ओर से 203 लीटर 750 मिलीलीटर नकली शराब, 6,822 लीटर 510 मिलीलीटर देसी शराब, 1,462 लीटर 460 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब,85 लीटर 580 मिलीलीटर बीयर, 50 लीटर लाहन नष्ट की गई।

**▪ गैंगस्टर और असामाजिक तत्वों के खिलाफ दर्ज किए 32 केस...** पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 2025 में लुधियाना पुलिस ने गैंगस्टर व असामाजिक तत्वों के खिलाफ 32 केस दर्ज किए और 58 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 93 पिस्तौल, 3 राइफल, 311 कारतूस, 28 मैगजीन व तीन हैंड ग्रेनेड बरामद किए। कुल मिलाकर वर्ष 2025 में 3,824 बड़े अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 5,865 केस निपटाए गए।

## एसपीएस हॉस्पिटल्स बना वैश्विक बैरियाट्रिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र




समर न्यूज़ | लुधियाना

एसपीएस हॉस्पिटल्स, लुधियाना ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की उन्नत चिकित्सा क्षमताओं को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। हॉस्पिटल के वरिष्ठ बैरियाट्रिक सर्जन डॉ. अमित भाम्बरी को लंदन इंटरनेशनल बैरियाट्रिक सर्जरी सिम्पोज़ियम (LIBSS-25) में अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया।यह उपलब्धि एसपीएस हॉस्पिटल्स की उन्नत वेट-लॉस सर्जरी, अनुसंधान और अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है, जिसने इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। सिम्पोज़ियम के अंतर्गत सेंट मार्क्स हॉस्पिटल, लंदन स्थित ग्रिफिन इंस्टीट्यूट में एक उन्नत लैप्रोस्कोपिक बैरियाट्रिक कैडावर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जटिल सर्जरी के लिए सुरक्षित एवं साक्ष्य-आधारित तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया—जो एसपीएस हॉस्पिटल्स में अपनाए जाने वाले उच्च मानकों को दर्शाता है।डॉ. भाम्बरी भारत के पहले सर्जन हैं जिन्होंने यूनाइटेड किंगडम में बैरियाट्रिक कैडावर ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की, जिसे तीन वर्ष पूर्व एसपीएस हॉस्पिटल्स के अकादमिक सहयोग से प्रारंभ किया गया था।

पिछले पाँच वर्षों से एसपीएस हॉस्पिटल्स में जटिल एवं व्यापक वेट-लॉस सर्जरी सफलतापूर्वक की जा रही हैं, जिससे हजारों मरीजों को सुरक्षित, दीर्घकालिक और जीवन बदलने वाले परिणाम मिले हैं।


इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोलैंड, सऊदी अरब, इटली, कजाखस्तान और यूके से आए 16 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया और एसपीएस हॉस्पिटल्स की अकादमिक गुणवत्ता और वैश्विक स्तर की चिकित्सा विशेषज्ञता की प्रशंसा की।

## करियाना दुकान से युवकों ने चुराया मोबाइल फोन, सीसीटीवी कैमरे में कैप्चर हुई घटना

समर न्यूज़ | लुधियाना

किराना दुकान पर चोरी की वारदात सामने आई है, जहां दो युवकों ने दुकानदार को बातों में उलझाकर मोबाइल फोन चुरा लिया। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद इलाके के दुकानदारों में दहशत का माहौल है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि दोनों युवक काफी समय से उसकी दुकान में मौजूद थे। वे कभी सामान देखने तो कभी खरीदने के बहाने दुकान के अंदर इधर-उधर घूमते रहे। इस दौरान उन्होंने सामान्य ग्राहक की तरह व्यवहार किया, जिससे किसी को उन पर शक नहीं हुआ। दुकानदार के अनुसार, जब वह किसी अन्य काम में व्यस्त हो गया, तभी मौका पाकर दोनों युवकों ने काउंटर पर रखा मोबाइल फोन चुरा लिया और वहां से फरार हो गए। चोरी का पता तब चला, जब दुकानदार ने अपना मोबाइल फोन ढूंढना शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पूरी वारदात सामने आई। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह एक युवक दुकानदार का ध्यान भटकाता है, जबकि दूसरा युवक मोबाइल फोन उठाकर जेब में डाल लेता है। इसके बाद दोनों युवक तेजी से दुकान से बाहर निकल जाते हैं।

## राजा वड़िंग ने मिनी रोज गार्डन में बैडमिंटन कोर्ट का नवीनीकरण किया



समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में चुनाव के दौरान एमपी राजा वड़िंग मिनी रोज गार्डन में बैडमिंटन बनाने का वादा किया था और उन्होंने ये वादा आज पूरा किया। मैनेजमेंट की तरफ से वड़िंग को बताया गया था कि जब खिलाड़ी यहां खेलते हैं तो खिलाड़ियों के पैर स्लिप होते हैं। इस कारण कभी चोट भी लग जाती है। इस समस्या का हल करने के लिए मैनेजमेंट ने वड़िंग को कहा था और उन्होंने कहा था कि चुनाव जीतने के बाद इस ओर जरूर ध्यान दिया जाएग। इस अवसर पर पंजाब प्रधान राजा वड़िंग, संजय तलवाड़, सुरिंदर डाबर, पवन धीमान मौजूद रहे।

## लुधियाना में भीषण आग... 3 मंजिला इमारत व फैक्ट्री खाक, साथ वाली बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त





लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यज

गांधी नगर के बसंत नगर गली नंबर-6 में सोमवार देर रात तब हड़कंप मच गया जब राजन कबाड़िया की तीन मंजिला इमारत में अचानक आग भड़क उठी। रात करीब 10 बजे लगी आग कुछ ही मिनटों में तीसरी मंजिल से फैलते-फैलते पूरी इमारत और साथ लगती होजरी फैक्ट्री तक जा पहुंची। आग ज्यादा होने के कारण साथ वाली बिल्डिंग में भी नुकसान हो गया। देखते ही देखते दोनों इमारतें आग के गोले में बदल गईं।

**▪ 10 मिनट में आग ने सब कुछ चपेट में लिया...**

*स्थानीय लोगों ने बाल्टियों और पाइपों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि कोई प्रयास काम नहीं आया। तेज तापमान से आसपास के मकानों की दीवारों में भी दरारें पड़ गईं। गनीमत रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।*

**▪ गलियों में फंसी फायर ब्रिगेड, लोगों ने उठाकर हटाईं कारें...**

*दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तंग गली और बाहर खड़ी गाड़ियों के कारण भीतर जाना मुश्किल हो गया। कई लोगों ने अपनी गाड़ियां खुद हटाईं, जबकि कुछ वाहनों को लोगों ने मिलकर साइड किया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगानी पड़ीं।*

**▪ पहली फायर ब्रिगेड भी आई लपटों की चपेट में...**

*तेज़ लपटें इतनी खतरनाक थीं कि पहली दमकल गाड़ी को पीछे हटाना पड़ा। इसके बाद अतिरिक्त चार गाड़ियां भेजी गईं और देर रात तक आग बुझाने का ऑपरेशन चलता रहा। बीच-बीच में धमाकों जैसी आवाजों से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और लोग रातभर घरों से बाहर रहे।*

**लाखों का सामान राख, शॉर्ट सर्किट की आशंका...**

*इमारत में रखा कबाड़ और फैक्ट्री में जमा लाखों रुपये का कपड़ा जलकर राख हो गया। दोनों इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, हालांकि शुरुआती अनुमान शॉर्ट सर्किट की ओर इशारा करते हैं। पुलिस और दमकल विभाग ने जांच शुरू कर दी है।*

**प्रशासन मौके पर, 1.5 लाख की त्वरित सहायता...**

*रातभर पार्षद अमन बग्गा खुराना और पार्षद नीरज आहूजा मौके पर डटे रहे। सुबह निगम कमिश्नर टीम के साथ पहुंचे। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा और डीसी हिमांशु जैन ने भी निरीक्षण किया। प्रशासन ने तत्काल 1.5 लाख रुपये की सहायता दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।*

## शिकायतों के बाद भी कट रही अवैध कॉलोनियां; सरकार को करोड़ों का नुकसान, अधिकारी चुप





लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के दावों के बीच हैबोवाल-चुरपुर रोड पर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। फ़तेह एन्क्लेव के पास करीब 3 किले और शिव शक्ति के पास लगभग 1.5 किले क्षेत्र में कथित तौर पर कॉलोनियाँ काटी गईं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई शिकायतें होने के बावजूद न तो निर्माण रुका और न ही प्लॉटों की खरीद-फरोख्त पर लगाम लग पाई। उल्टा, यहां कई प्लॉट बिक भी चुके हैं और नए सौदों का सिलसिला जारी है।

**मंज़ूर कॉलोनी बताकर किए जा रहे सौदे...**

*इलाके के कुछ प्रॉपर्टी डीलरों पर आरोप है कि वे इन प्लॉटों तथा दुकानों को नगर निगम से मंज़ूर बताकर बेच रहे हैं। खरीददारों को यह भरोसा दिलाया जा रहा है कि कागज़ात पूरी तरह सही हैं और भविष्य में किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। जबकि नियमों के जानकारों का कहना है कि बिना लेआउट प्लान और जरूरी मंज़ूरी के किसी भी कॉलोनी को वैधानिक नहीं माना जा सकता।*

**▪ एमटीपी-एटीपी पर सवाल...**

*आखिर एमटीपी और एटीपी की आंखों पर पट्टी क्यों बंधी है। निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत देने के बावजूद मौके पर न तो निरीक्षण हुआ और न ही कोई सख्त कार्रवाई। इस संबंध में जब एमटीपी और एटीपी से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो फ़ोन कॉल्स रिसीव नहीं की गईं। सूत्रों का दावा है कि कॉलोनी वालों ने बिना अनुमति के सरकारी सीवरेज लाइन से कनेक्शन जोड़ दिया है। यदि यह सच है, तो यह सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है। बायलॉज़ के विपरीत जाकर की गई ऐसी कनेक्टिविटी न केवल अवैध है, बल्कि भविष्य में ओवरफ़्लो और कई समस्याओं भी आ सकती है।*

**▪ राजस्व को नुकसान, ख़तरे में शहर की योजना...**

*अवैध कॉलोनियां न केवल शहरी विकास की योजना को बिगाड़ती हैं, बल्कि सरकार के राजस्व को भी भारी नुकसान पहुँचाती हैं। लाइसेंस फीस, विकास शुल्क और अन्य चार्जेस के बिना तैयार होने वाली कॉलोनियां बुनियादी सुविधाओं के बोझ को बढ़ाती हैं।*

## अवैध कब्जे हटवाने के लिए नगर निगम ने प्राइवेट गाड़ी और कॉरपोरेशन का सरकारी ट्रक खड़ा किया

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में चौड़े बाजार में नाजायज कब्जे आए दिन लोगों और प्रशासन की सिर दर्दी बनकर रह गई है। इसका पक्का हल निकालने के लिए प्रशासन ने कॉरपोरेशन का सरकारी ट्रक लगा दिया है। तांकि कोई भी व्यक्ति यहां अवैध कब्जा न कर सके। इस दौरान लोगों ने सरकारी मुलाजिम पर आरोप लगाया कि सिर्फ पंजाबियों को निशाने पर रखा जा रहा है सिर्फ खानपूर्ति करने के लिए वीडियो वायरल की जा रही है। उन्होंने यहां तक कहा कि जहां जहां भी सरकारी मुलाजिमों ने नाजायज कब्जे किए हैं वहां अगले दिन फिर से रेहड़ियां लग जाती हैं। यदि कार्रवाई हो तो ऐसी हो कि वहां दोबारा कोई कब्जा ना हो सके। उन्होंने कहो कि प्रशासन सिर्फ हमारे पिछे ही पड़े हुए हैं।

जहां सरकारी ट्रक और प्राइवेट गाड़ी खड़ी की गई। वहां के लोगों से समर एक्सप्रेस की टीम के द्वारा बातचीत की गई उन्होंने बताया कि पूरे बाजार में नाजायज कब्जे हैं फिर मुझे ही निशाना बनाया जा रहा है। पूरे बाजार में कहीं ओर ऐसी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि एक लेडीज की झुठी शिकायत पर यह सबकुछ हो रहा है। पम्मा नामक व्यक्ति से बात करने पर उसने बताया कि वह काफी सालों से यहां रेहड़ी लगा रहा है। नगर निगम को सरकारी पर्ची भी कटवाई जाती है। कभी किसी अधिकारी ने इतना धक्का नहीं किया जितना सरकारी मुलाजिम नगर निगम इंस्पैक्टर कर रहा है। यदि कब्जे हटवाने ही हैं तो पूरे बाजार के हटवाए जाएं।

## सलेम टाबरी पुलिस ने बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पकड़े

अकाश मांडी | लुधियाना
समर न्यूज़

राहगीरों से लूटपाट करने वाले 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपियों से वारदात को अंजाम देने वाल हथियार भी बरामद किए गए। जानकारी देते पुलिस अधिकारी समीर वर्मा ने बताया कि सलेम टाबरी की पुलिस ने 5 अरोपियों को गिरफ्तार किया और बताया कि ये आरोपी राहगीरों को लूटते थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों से 17 मोबाइल फोन और 5 टू व्हीलर इसमें से एक एक्टिवा भी बरामद की है। आरोपियों से दात जैसे तेजधार हथियार और एक खिलौना पिस्तौल जिसे दिखाकर ये लोगों को लूटते थे। इसमें से तीन आरोपियों पर पहले भी मामले दर्ज हैं।

**हिदायत** | **आज आखिरी तारीख... सीनियर डिप्टी मेयर ने अधिकारियों को दी सख्त हिदायत**

## निगम ने शहरवासियों से की अपील... प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरा तो लगेगा जुर्माना

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



नगर निगम लुधियाना ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 31 दिसंबर 2025 तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर दें, ताकि किसी तरह का जुर्माना न लग सके। इसी संबंध में सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने मंगलवार को ज़ोन-डी दफ्तर में अधिकारियों के साथ बैठक की और बकाया वसूली को तेज़ करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स के सुपरिंटेंडेंट, इंस्पेक्टर और क्लर्क मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि जो लोग 30 सितंबर तक टैक्स भर देते हैं, उन्हें 10% की छूट दी जाती है। 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक टैक्स जमा करने पर कोई पेनल्टी नहीं लगती। वहीं 1 जनवरी से 31 मार्च के बीच टैक्स भरने वालों पर 10% जुर्माना लगाया जाएगा। अगर मार्च 31 तक टैक्स जमा नहीं हुआ तो फिर 20% पेनल्टी के साथ 18% सालाना ब्याज भी देना होगा। सीनियर डिप्टी मेयर ने कहा कि लोग समय पर टैक्स जमा करें और सही कैटेगरी में ही फॉर्म भरें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर किसी ने अपना घर कमर्शियल इस्तेमाल में बदल लिया है और फिर भी टैक्स रेजिडेंशियल कैटेगरी में भर रहा है, तो उस पर 100% पेनल्टी लगाई जाएगी।

नगर निगम ने बताया कि टैक्स भरने के लिए लोग ज़ोनल सुविधा केंद्रों पर जा सकते हैं या फिर ऑनलाइन mcludhiana.gov.in वेबसाइट के जरिए भी भुगतान कर सकते हैं।

## 31 दिसंबर तक जमा करें प्रॉपर्टी टैक्स, देर होने पर लगेगा जुर्माना

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



नगर निगम ने शहरवासियों को चेताया है कि इस साल का प्रॉपर्टी टैक्स 31 दिसंबर 2025 तक जमा कर दें। निर्धारित तारीख के बाद भुगतान करने पर पेनल्टी और ब्याज देना पड़ेगा। मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने लोगों से अपील की है कि समय पर टैक्स भरकर अनावश्यक परेशानी से बचें। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि 30 सितंबर तक टैक्स जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है। 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक भुगतान करने पर कोई पेनल्टी नहीं लगती। 1 जनवरी से 31 मार्च के बीच भुगतान करने पर 10 प्रतिशत जुर्माना देना होगा। 31 मार्च के बाद टैक्स बाकी रहने पर 20 प्रतिशत पेनल्टी के साथ 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी वसूला जाएगा। मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने कहा कि नागरिक अपने नजदीकी जोनल सुविधा केंद्रों में जाकर टैक्स जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही नगर निगम की वेबसाइट mcludhiana.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 116